तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 24 मई 2025

11 जिले में 29 मई से 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प...



12 आमजनों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही किया...





## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर डराने वाला गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली के देशी शराब दुकान के पास चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और चाकू लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा राज बारिक ऊर्फ राजकुमार (23) को पकड़ा।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक चालक को चोटें आई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम भतकुंदा निवासी तेजराम बर्मन (53) ने बताया कि वह 22 मई को बिना नम्बर की बाइक में बैठकर किराना सामान खरीददारी करने सांकरा जा रहा था। लक्ष्मी मेडिकल के सामने पुराना एनएच -6 के पास पहुंचा करीब 4 बजे विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में पीठ, कोहनी के नीचे और कमर में चोट आई है।

### मारपीट, गला दबाकर जान से मारने की कोशिश

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश के चलते परिवार में विवाद, गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम खरोरा निवासी खेमनदास ढीढी ने बताया कि 19 मई की शाम करीब 7:30 बजे मेरे घर आकर झम्मन ढीढी ने पुरानी रंजिश को लेकर मुझे व बेटी दीपिका ढीढी के साथ गाली-गलौज कर जान की धमकी देते हुए मारपीट की। उन्होंने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

### कारागुला में भीमसेन एकादशी मेला 6 को

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे आदिवासी बाहुल ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी 6 जून शुक्रवार ज्येष्ठ शुक्ला पक्ष को भीमसेनी एकादशी मेला का आयोजन किया गया। यहां पर विराजित महाभारत काल के पांचों पांडव में भीम सेन, अर्जुन, युधिष्टिर समेत माता कुंती, द्रोपती, नकुल व सहदेव इत्यादि की प्रतिमाएं स्थापित है। आयोजक समिति के संयोजक खोलबाहरा निषाद, अध्यक्ष मोतीराम यादव, उपाध्यक्ष पीताम्बर दीवान, सचिव श्रवण कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष भोलाराम निषाद, सहसचिव संतराम ठाकुर समेत ग्रामवासी मेले के तैयारी में जुटे हुए हैं।

# वैध रेत घाटों में कहीं रात में उत्खनन जारी, तो कहीं रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महानदी के तटीय इलाकों में महासमुंद ब्लाक में बड़गांव, बरबसपुर और मुढ़ियाडीह रेत घाट वैध रुप से संचालित हैं। लेकिन, इन घाटों में भी प्रशासन का रवैया भेदभाव पूर्ण नजर आ रहा है। बड़गांव में तो अवैध कार्य याने रात में रेत उत्खनन, मशीन से लोडिंग और परिवहन को बंद करा दिया गया है। लेकिन, बरबसपुर और मुड़ियाडीह में रात में भी उत्खनन, मशीन से लोडिंग और परिवहन निर्बाध जारी है। बता दें कि रेत खनन के मामले में जिले में बह रही इस उल्टी गंगा की चर्चा लोगों में भी है। कि आखिर क्या वजह है कि जिन घाटों में विपक्षी दल के लोग संलिप्त हैं, या किसी भाजपाई की भागीदारी है वहां शासन-प्रशासन द्वारा रियायत बरती जा रही है। इस मामले में भाजपा के जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे बैंठे हैं।

## रेत के अवैध भंडारण में अब तक एक भी कार्रवाई नहीं, हजारों ट्रक रेत की डंपिंग

### घोड़ारी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन जारी

जिले के प्रवेश द्वार याने घोड़ारी पंचायत क्षेत्र में रात में लगातार रेत का अवैध उत्खनन जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रेत खदान का ठेका नही हुआ है लेकिन, अवैध रुप से पंचायत फंड में राशि जमाकर रेत माफियाओं द्वारा निर्बाध अवैध उत्खनन किया जा रहा है।



### जगह-जगह डंप की गई है रेत

बारिश के दिनों में नदी से रेत की निकासी बंद हो जाएगी। इसके चलते मानसून लगने से पहले ही रेत खदानों में कालाबाजारी करने वाले सक्रिय हो गए हैं। बिरकोनी इंडस्ट्रीयल एरिया के आसपास सहित रेत घाट वाले गांवों के आसपास सैकड़ों स्थानों में हजारों ट्रक रेत डंप की जा चुकी है। अब मानसून के दौरान इसे दोगुने-तीगुने दामों पर बेचे जाने की तैयारी है।

### कार्रवाई नहीं कर रहे अफसर

महानदी के तटीय इलाकों में इन दिनों बिरकोनी, बरबसपुर, खड़सा, गढ़सिवनी सहित कई तटीय गांवों में अवैध रुप से किए गए रेत भंडारण पर अब तक एक भी कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा नही की जा सकी है। ग्रामीणों का दावा है कि मौके पर रखी गई रेत के संबंध में भंडारणकर्ता द्वारा पूरे रेत का पीट पास प्रस्तुत नही किया जा सकेगा। अवैध रुप से उत्खननित और भंडारित रेत पर एक भी कार्रवाई नही होने से इस कालाबाजारी के कारोबार में लिप्त लोगों के हौसले बुलंदी पर हैं और भाजपा और शासन-प्रशासन की साख पर बट्टा लग रहा है।

## शिविर : समाधान शिविर में 15 पंचायतों की समस्याओं का हुआ निराकरण

# शासन-प्रशासन मिलकर विकास कार्यों को दे रहे हैं गतिः सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासन की योजनाओं और सेवाओं

- महतारी सदन के निर्माण से महिला सशक्तीकरण को मिलेगा बढ़ावा
- विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित
- समाधान शिविर में प्रभारी सचिव निहारिका बारिक ने लिया आवेदनों के निराकरण की जानकारी

की जानकारी सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाने में भी अहम भूमिका निभाने महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत झलप में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सिन्हा एवं जनप्रतिनिधियां द्वारा विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, राशन कार्ड, आवास अभिनन्दन पत्र प्रदान किया गया। शिविर में बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, प्रमुख सचिव एवं जिले की प्रभारी सचिव निहारिका बारिक विशेष रूप से मौजूद रहे।



इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकी पटेल, जनपद सदस्य बलविंदर सिंह सिद्धू, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन जब मिलकर कार्य करते हैं, तो विकास को कोई भी शक्ति रोक नहीं सकती। सिन्हा ने बताया कि पटेवा से खल्लारी मार्ग और पतई माता रोड के निर्माण से हमारे ग्रामीण अंचल को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। साथ ही, झलप में नया विश्रामगृह का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा।

### अव्यवस्था के बीच संपन्न हुआ समाधान शिविर



**झलप।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल झलप के प्रांगण में आयोजित सुशासन तिहार में में समस्याओं के समाधान के लिए सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे। भीषण गर्मी के बीच आयोजित शिविर खुले मैदान की जगह स्कूल प्रांगण में किया गया। जिसके कारण से आम जनता, शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों को भारी तकलीफ हुई। लो-वोल्टेज के चलते कूलर भी काम नहीं कर पा रहे थे, ऊपर से केबल जलने के कारण आधे घंटे तक बिजली बंद होने से आम जनता और अधिकारी, कर्मचारियों के पसीने छूट रहे थे। बारिश के चलते आधे बीच में शिविर का समापन किया गया।

## प्रभारी सचिव निहारिका बारिक ने स्टॉल का किया अवलोकन

प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं आवेदनों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से भी बातचीत की। उन्होंने शिविर में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण करें। नगर पालिका परिषद सरायपाली कार्यालय परिसर में, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुन्देली पूर्व माध्यमिक शाला भवन, बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भूकेल स्वामी आत्मानंद स्कूल, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडरीदादर में भी समाधान शिविर का आयोजन हुआ।



### केवल 8 आवेदन रहे निराकरण के लिए शेष

झलप समाधान शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किए। सुशासन तिहार में कुल 6218 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 6210 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। शेष आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। शिविर में संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही लोगों को संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं।

# किराये पर बैंक खाता देने वाले तीन बंदी

## म्यूल एकाउंट में डेढ़ करोड़ रुपए ट्रांजेक्शन का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

म्यूल एकाउंट में डेढ़ करोड़ रुपए

- तीनों खाताधारकों के खातों में डेढ़ करोड़ रूपए का ट्रांजेक्शन, 4 और बैंक खातों की जांच

ट्रांजेक्शन के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि जांच में ऐसे 7 म्यूल एकाउंट की जानकारी सामने आयी है। कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि गिरफ्तार किए गये तीनों खाताधारकों के खातों में डेढ़ करोड़ रूपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। इसके अलावा 4 और बैंक खातों की जांच की जा रही है।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि समन्वय पोटर्ल के माध्यम से मकान नं 331, पंजाबी पारा निवासी रविन्दर चावला (54), आजाद नगर कालोनी रायपुर निवासी दीपक तिलवानी (35) और स्टेशन रोड गुरूद्वारा के पीछे निवासी महेश (60) के खातों की जांच की गयी। जांच में पता चला कि इन तीनों के खाते में कुछ अवधि के लिए डेढ़ करोड़ रूपयों का ट्रांजेक्शन हुआ है। जिसमें 97 लाख का ट्रांजेक्शन रविन्दर चावला के खाते में पाया गया। बाद पुलिस ने तीनों से पूछताछ की। उन्होंने बैंक खाते में लाखों रुपए के ट्रांजेक्शन की कोई जानकारी नहीं होने की बात कही । उन्होंने बताया कि समन्वय पोर्टल के माध्यम से पुलिस को कुल 7 खाता नंबरों की जानकारी हुई है। पुलिस ने सभी के विरूद्ध बीएनएस की थारा 317(2), 317(4), 318(4) 61(2),111 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है अभी उक्त तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके अलावा 4 और बैंक खातों की जाँच की जा रही है।

### करोड़ों ट्रांजेक्शन के बदले 15 हजार रुपए किराया

श्री दुबे ने बताया कि बैंक खाता खोलकर पास बुक, एटीएम कार्ड, बार कोड और ऑनलाइन बैंकिंग के लिये जरूरी पासवर्ड आदि सामने वाले तक किसी मध्यस्थ के जरिये पहुंचा दी जाती है। फिर इस खाते का उपयोग संबंधित व्यक्ति गैर कानूनी तरीके से आने वाले रूपयों के ट्रांजेक्शन के लिये करता है। इसके एवज में 15 हजार रुपए खाते का किराया के रूप में वास्तविक खाताधारकों को मिलते हैं। यह राशि भी अलग-अलग माध्यम से इन तक पहुँच जाती है।

## धान का समर्थन मूल्य बढ़ने का असर दलहन-तिलहन पर

# दलहन की फसलों का लगातर घट रहा रकबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य में वृद्धि होने से किसानों का पूरा ध्यान, धान की खेती पर है। धान के अलावा अन्य फसल उत्पादन में किसानों की कोई रुचि नहीं है। इसलिए दलहन फसलों का रकबा लगातार घट रहा है।

2025-26 में फिर से दलहन और तिलहन की फसलों को लेने के लिए स्थानीय किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। लगभग 1024 हेक्टेयर में दलहन व तिलहन की फसल का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य है। जिले में दो लाख 59 हजार 327 हेक्टेयर में फसल लेने की योजना बनाई गई है। इसमें धान की फसल दो लाख 46 हजार 318 हेक्टेयर में ली जाएगी। इसके अलावा अरहर की फसल 8534 हेक्टेयर में लेने की योजना बनाई गई है। 2365 हेक्टेयर में तिलहन फसल लेने की योजना है। साग-सब्जी २० हेक्टेयर और उद्यानिकी 1960 हेक्टेयर में लेने की तैयारी है। पिछले वर्ष भी धान की फसल दो लाख 46 हजार 581 हेक्टेयर में ली गई थी। धान की फसल समर्थन मूल्य पर आसानी से बिक्री हो जाती है, लेकिन दलहन की फसलों को बाजार नहीं मिलने से किसान रुचि कम ले रहे हैं। दो वर्ष पूर्व समर्थन मूल्य पर दलहन की फसल बेचने के लिए जगह उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन किसानों ने इसमें भी रुचि नहीं दिखाई। जो किसान दलहन की फसल बेचने के लिए गए थे, उसे भी गुणवत्ता अच्छी नहीं है बोलकर लौटा दिया गया था। शासन द्वारा अन्य फसल को लेकर अब तक कोई नीति नहीं आने से किसान धान की फसल ही ले रहे हैं।



### ये है क्षेत्राच्छादन लक्ष्य

महासमुंद में 144, बागबाहरा में 3597, पिथौरा में 1323, बसना में 1498, सरायपाली में 1972 हेक्टेयर में दलहन की फसल ली जाएगी। धान का रकबा का लक्ष्य महासमुंद विकासखंड में 47590 हेक्टेयर, बागबाहरा में 48802, पिथौरा में 58567, बसना में 44585, सरायपाली में 46774 लक्ष्य है।

### रागी फसल लेने की योजना फेल

पिछले दो वर्षों से रागी की फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा था, लेकिन दो साल में ही रकबा भी घट गया और किसान भी यह फसल लेने में रुचि नहीं दिखा रहे। सरकार द्वारा मिलेट वर्ष के तहत प्रोत्साहन दिया गया, लेकिन किसानों ने रुचि नहीं दिखाई। पिछले वर्ष रबी सीजन में ही रागी की फसल ली गई। 1500 हेक्टेयर से 500 हेक्टेयर के रकबे में रागी की फसल पहुंच गई। धान उत्पादन ज्यादा होने के कारण लंबे समय से दलहन और तिलहन की फसलों का रकबा स्थिर रहा है। किसान बाजार में औन-पौने दाम में दलहन की फसल बेच देते हैं।

# 57 हजार शिक्षकों की भर्ती समेत तीन सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ ने शुक्रवार को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। पश्चात कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव कर प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। धरना स्थल पर मौजूद संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार ओगरे, जिला सचिव ओंकार हरि, महिला जिलाध्यक्ष यामिनी साहू, गुणसागर साहू, तेजराम चौलिक व सूरज साहू ने बताया कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में हर साल 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। पर अब तक उस घोषणा पर अमल नहीं किया गया है जबकि अभी प्रदेश में 78 हजार पद रिक्त हैं। सरकार अपना वायदा पूरा नहीं कर रही है जिसके चलते जिले के ही 23 हजार से अधिक प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से जानकारी मिली है कि शिक्षा विभाग में शालाओं व शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किये जाने का आदेश जारी किया गया है। युक्तियुक्तकरण का आदेश निरस्त किया जाए, भाजपा द्वारा मोदी की गारंटी में की गई घोषणा अनुसार 57 हजार शिक्षकों की भर्ती शीघ्र किया जाए तथा स्कूल शिक्षा विभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रखा जाए। हमारी तीनों मांगों पर उचित कार्यवाही न होने पर प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप



### छाबड़ा ने संभाला अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का पदभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के नए अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने गुरुवार को अपना पदभार डिप्टी सीएम विजय शर्मा की उपस्थिति में संभाला। मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विजय शर्मा ने कहा, कुछ पद से लोग सुशोभित होते हैं परंतु अमरजीत छाबड़ा जैसे कर्मशील व्यक्ति से यह पद सुशोभित होगा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक हॉस्टल का भी उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का पद भी फंसा हुआ था। यह मामला हाईकोर्ट में था, लेकिन इसको आपसी सहमति से हल कर लिया गया, इसके बाद अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया है।

### बीरगांव में लगा समाधान शिविर



**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में गुरुवार को नगर निगम बीरगांव में समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों के स्वच्छता, स्थापना एवं राजस्व, पेयजल, विद्युत, आवास और अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड भी मौके पर वितरित किए गए। शिविर में विधायक मोतीलाल साहू शामिल हुए और विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया। शिविर में जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कुम्हारी टोल प्लाजा बंद कराने सांसदों को पत्र

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी के 10 सांसदों को कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर पत्र प्रेषित किया। श्री उपाध्याय ने बताया, छत्तीसगढ़ के दो महत्वपूर्ण शहर रायपुर और दुर्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक एनएच संख्या, 06 पर स्थित कुम्हारी टोल प्लाजा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ में टोल वसूली जून 2006 से शुरू की गई। संबंधित ठेकेदार ने इस टोल वसूली को शर्तों के अनुसार 2015 तक जारी रखा, और 2015 के बाद 2020 तक कंसेशन रेट में टोल वसूला। अब नियम के अनुसार टोल वसूली की समयसीमा खत्म हो चुकी है लेकिन उसके बावजूद टोल वसूल कर रायपुर और दुर्ग की जनता पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। नियम और शर्तों के अनुसार अधिकृत तिथि 02.03.2015 को टोल वसूली समाप्त किया जाना था, लेकिन विभाग द्वारा 40 प्रतिशत बढ़ाकर इसे 16.08.2020 तक वसूली की गई। किन्तु इसके बावजूद उक्त टोल प्लाजा में अभी तक अनाधिकृत रूप से टोल शुल्क की वसूली की जा रही है, जो नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों का घोर उल्लंघन है।



### बचे धान की नीलामी जल्दी करने खाद्य विभाग ने मिलरों के साथ की बैठक

**रायपुर।** रायपुर जिले में बचे हुए धान की बिक्री जल्द से जल्द हो। इसके लिए जिला खाद्य अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने मिलरों के साथ बैठक की। रेडक्रास भवन में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मिलरों को धान की नीलामी प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हालांकि इस दौरान मिलरों ने वर्ष 2023-24 के भुगतान राशि में समायोजन करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिले में लगभग 3889 क्विंटल धान शेष बचा है। शासन ने बचे धान की नीलामी का फैसला लिया है। इसके तहत मोटा धान 1900-1950 रुपए और पतला 2050-2100 रुपए निर्धारित किया है। इसी कीमत पर धान की नीलामी होनी है। बैठक में जिला विपणन विभाग के डीएमओ जसबीर बघेल, नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पोलावरम परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री लेंगे छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक

## 28 को होने वाली उच्चस्तरीय बैठक में खोजा जाएगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पोलावरम परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहली बार होगा, जब प्रधानमंत्री इस राष्ट्रीय परियोजना को लेकर सीधे चार राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक का उद्देश्य भूमि डूब, आदिवासी विस्थापन और पुनर्वास से जुड़े बढ़ते अंतर-राज्यीय तनावों के बीच सर्वमान्य समाधान खोजना है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी की सीधी भागीदारी इस गतिरोध को तोड़ने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती है। बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, उनके जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री की इस पहल से अंतर-राज्यीय मतभेद दूर होंगे और परियोजना के कार्य में तेजी आएगी, जो बार-बार बाधित हो रहा है।

### परियोजना से प्रभावित होगी आदिवासी आबादी

पोलावरम परियोजना को आंध्रप्रदेश के विभाजन के समय राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया था। हालांकि, परियोजना के निर्माण से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमावर्ती आदिवासी आबादी प्रभावित हो रही है। बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा जिले के लगभग 25 गांव डूब में आएंगे। बताया जाता है कि यहां की हजारों हेक्टेयर कृषि जमीन भी डूब में आएगी। ओडिशा और छत्तीसगढ़ का आरोप है कि परियोजना से कई गांवों में जल डूब की स्थिति उत्पन्न होगी, जिससे आदिवासी परिवारों का विस्थापन होगा। इस विषय को लेकर इन राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं भी दायर कर रखी हैं।



### अब तक नहीं बन सकी सहमति

वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया है। आंध्रप्रदेश सरकार ने प्रभावित गांवों के पास सुरक्षात्मक तटबंध बनाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण की पुख्ता प्रक्रिया की मांग पर अड़े हुए हैं।

### आंध्र में एनडीए सरकार बनने के बाद कार्य में आई तेजी

आंध्रप्रदेश में एनडीए सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद पोलावरम परियोजना के कार्य में फिर से गति आई है। ऐसे में केंद्र सरकार इस राष्ट्रीय परियोजना को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर ठोस प्रयास कर रही है। अब देखना यह होगा कि प्रधानमंत्री की यह पहल चारों राज्यों को एकजुट कर पाती है या नहीं, क्योंकि इस परियोजना का भविष्य काफी हद तक इस बैठक के परिणामों पर निर्भर करेगा।

## सुनवाई भी प्रभावित : लंबित मामलों की बढ़ती जा रही संख्या

# आयोगों का हाल, एससी में 7 और एसटी में चार माह से एक भी ऑर्डर जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में रहने वाले अनूसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की जाति के लोगों के साथ महिला वर्ग को न्याय दिलाने के लिए अलग-अलग आयोग खुले हुए हैं। इन आयोग का दरवाजा ज्यादातर ऐसे लोग खटखटाते हैं, जो कोर्ट में केस दर्ज करने पर होने वाला खर्च वहन नहीं कर पाते या फिर कई सालों तक केस चलने के कारण कोर्ट का चक्कर लगाना नहीं चाहते।

ये लोग इस उम्मीद से आयोग की शरण में जाते हैं कि उन्हें जल्दी न्याय मिले, लेकिन करीब सालभर से राज्य के कई आयोग की यह स्थिति है कि ना ही ठीक से सुनवाई हो पा रही है और न ही पक्षकारों को न्याय मिल पा रहा है, जिसके कारण आयोग में ना केवल लंबित प्रकरणों की सूची लगातार बढ़ रही है, बल्कि सुनवाई पूरी होने के बाद आर्डर तक जारी नहीं हो पा रहे हैं। सूत्र के अनुसार अनुसूचित जाति आयोग में पिछले करीब 7 माह से एक भी पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हुआ है, वहीं अनुसूचित जनजाति आयोग में भी करीब 4 माह से कोई ऑर्डर जारी नहीं हुआ है। इसका कारण इन आयोग में अध्यक्ष के रिक्त पद हैं। तत्कालीन कांग्रेस के शासनकाल में इन सभी आयोग में कांग्रेस नेताओं को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों के पद पर नियुक्त किया गया था। विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद सभी आयोग सहित निगम मंडलों में नई नियुक्ति की तैयारी शासन स्तर पर की जा रही थी। इसे लेकर आदेश भी जारी हुआ था, जबकि कई पदाधिकारियों का कार्यकाल ही समाप्त नहीं हुआ था। इसे देखते हुए कुछ आयोग के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई गई, जिनमें महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक के पक्ष में फैसला भी आया। इसके बाद से वह अपना कार्यकाल समाप्त होने तक अध्यक्ष पद पर बनी हुई हैं।




### ओबीसी आयोग में 38 प्रकरण लंबित

छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में सबसे कम 38 प्रकरण ही लंबित है। इनमें 24 प्रकरण पिछले वर्ष के हैं, वहीं 12 प्रकरण 2023 एवं 1-1 प्रकरण 2020 और 2021 के हैं। ओबीसी आयोग में भाजपा से नाथूराम निषाद को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद आयोग में लगातार सुनवाई हो रही है तथा आर्डर भी जारी किया जा रहा है।

### एससी आयोग में ढाई सौ से अधिक प्रकरण लंबित

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खांडे भी हाईकोर्ट में याचिका लगा रखी है, जिस पर फैसला आना है। बताया जा रहा है कि केपी खंडे को याचिका लगाए लगभग 3 से 4 माह हो चुका हैं, लेकिन वे करीब 7 माह से आयोग जाना ही छोड़ दिए हैं, जिसके कारण आयोग में अब उनकी जगह आयोग के सचिव द्वारा प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है। यह सुनवाई बहुत धीमे गति से की जा रही है, जिसके कारण लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़कर ढाई सौ से ज्यादा पहुंच गए हैं। इधर जिन प्रकरणों में सुनवाई पूरी हो चुकी है, उनमें भी बगैर अध्यक्ष के पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हो पा रहे हैं। इस तरह सुनवाई पूरी होने के बाद भी पक्षकार को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

### एसटी आयोग में सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित

अनुसूचित जनजाति आयोग में सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित है। आयोग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार लगभग दो हजार प्रकरण यहां लंबित हैं। इनमें करीब दो सौ प्रकरण 8 से 10 साल पुराने हैं, वहीं सैकड़ों प्रकरण 2 से 5 साल के बीच के है। एसटी आयोग में भी पिछले लगभग चार माह से सुनवाई प्रभावित है। आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कांग्रेस शासन में नियुक्त किए गए थे। इनका कार्यकाल समाप्त हुए करीब 4 माह हो चुके हैं, लेकिन अब तक आयोग में नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। इसके कारण आयोग में पिछले चार माह से एक भी पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हो पाया है, वहीं सुनवाई भी प्रभावित हो रही है। फिलहाल आयोग के नवनियुक्त सचिव पवन नेताम प्रकरणों पर सुनवाई कर रहे हैं।

## भाजपा माना मंडल की तिरंगा यात्रा में मंत्री केदार कश्यप हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए भाजपा माना मंडल की तिरंगा यात्रा महावीर नगर स्थित अटल उद्यान से प्रारंभ होकर अमलीडीह हनुमान मंदिर तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप सहित ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू मुख्य रूप से शामिल हुए।

जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया, यात्रा में सभी धर्म, जाति, संप्रदाय और सभी वर्गों के लोग भारत माता की जय एवं भारतीय जवान जिंदाबाद के गगनभेदी नारों के साथ हाथ में तिरंगा थामे शामिल हुए। श्री कश्यप ने कहा कि जिस प्रकार बड़ी संख्या में आमजन तिरंगा यात्रा में शामिल हुए हैं इससे एकजुटता, देशभक्ति, सहित राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी, हम सभी एक हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री मोदी की कुशल कूटनीति के कारण पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से आरडीए अध्यक्ष नंदे साहू, अकबर अली, लीलाधर चंद्राकर, सीमा साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### आईसक्रीम दुकान में गंदगी, जुर्माना

**रायपुर।** जोन 5 क्षेत्र के चंद्रशेखर नगर के बाबी आईसक्रीम सेंटर में गंदगी की शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देश पर टीम ने स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान गन्दगी मिली, जनशिकायत सही पायेज जाने पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित आइसक्रीम दुकान के संचालक पर तत्काल 3,000 रूपये का जुर्माना लगाया

# अब ट्रांसफर-पोस्टिंग, प्रमोशन के बाद 10 ई ऑफिस में डाटा होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज में ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद पूर्व से जारी नियम-प्रक्रिया में बदलाव आने वाला है। राज्य में अब किसी अधिकारी कर्मचारी का ट्रांसफर, पोस्टिंग, और प्रमोशन के बाद उनका डाटा ई ऑफिस सिस्टम में अपडेट होगा। यह काम संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर सामान्य प्रशासन विभाग खुद 10 दिन बाद संबंधित का डाटा नव पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी की आईडी में ट्रांसफर कर देगा।

### सरकार ने जारी किया आदेश, ये होगी प्रक्रिया

इस संबंध में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। का गया है कि विभाग में परिवर्तन होने पर ई ऑफिस के क्रिएटेड इनबॉक्स में या फाइल रिपोजिटरी में क्लोज्ड फाइल के रूप में मौजूद सभी लेटर, रिसिप्ट और फाईल को विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी को भेजा जाएगा। ई ऑफिस के रीसिव्ड लेटर्स में इंट्रा इआफिस के रूप में प्राप्त सभी पत्रों को डीलिट करके विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी को भेजा जाएगा। विभाग से संबंधित ई ऑफिस में उपलब्ध सभी दस्तावेज को हस्तांतरण करने के बाद पदोन्नति, पदस्थापना, भारमुक्ति आदेश का रिसिप्ट बनाकर ई ऑफिस के माध्य से संचालनालय, मैदान कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी अपने विभाग के नोडल अफसर एवं मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी सामान्य प्रशासन विभाग को ई ऑफिस में अपडेट करने के लिए सूचित करेंगे।




### सरकार ने लिया ये फैसला

इस संबंध में सरकार ने निर्णय लिया है कि स्थानांतरण आदेश के बाद 10 दिनों के पहले ई ऑफिस के सभी दस्तावेज संबंधितों को हस्तांतरण के बाद संचालनालय, मैदानी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग के नोडल ऑफिस या मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी सामान्य प्रशासन को ई ऑफिस के माध्यम से सूचित करेंगे।

### अगर सूचित नहीं किया तो ये होगा

सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश में ये भी कहा है कि अधिकारी कर्मचारी द्वारा निर्धारित समयावधि में सूचित नहीं किए जाने पर स्थानांतरण आदेश के 10 कार्यालयीन दिवस के बाद ई ऑफिस आईडी में उपलब्ध सभी लेटर, रिसिप्ट और फाइल नवपदस्थ अधिकारी-कर्मचारी के आईडी में हस्तांतरित कर ई ऑफिस आईडी संशोधन या विलोपन की कार्यवाही नोडल अफसर या सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा की जा सकेगी।

## राशि समर्पण पर भी नया नियम

# एक योजना के लिए मिली राशि दूसरी जगह नहीं कर सकते खर्च, वित्त विभाग के दिए निर्देश

### किस मद की राशि के पुनर्विनियोजन की मिल सकती है अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राज्य के सभी सरकारी विभागों के लिए पुनर्विनियोजन और बचतों के समर्पण के लिए नए नियम बनाए हैं। विभाग का कहना है कि इस संबंध में राज्य बनने के समय, उसके अगले साल और अब से 18 साल पहले भी निर्देश दिए गए, लेकिन देखने में आया कि विभाग निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए पुराने सभी निर्देशों को खत्म करते हुए नए निर्देश और नियम जारी किए गए हैं। इसमें साफ किया गया कि किस तरह के मद की राशि का दूसरे मद में उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही विभाग ने बजट में बची राशि के समर्पण को लेकर भी नए नियम जारी किए हैं।

### ऐसे मद जिसमें पुनर्विनियोजन है प्रतिबंधित



वित्त विभाग ने साफ किया है कि ऐसे कौन से मद है जिसमें पुनर्विनियोजन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसमें कहा गया है कि पूंजी अनुभाग से राजस्व अनुभाग में, राजस्व अनुभाग से पूंजी अनुभाग में, मतदेय से भारित, भारित से मतदेय तथा एक मांग संख्या से दूसरी मांग संख्या के अंतर्गत पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही केंद्रीय क्षेत्रीय एवं शतप्रतिशत बाह्य सहायता प्राप्त योजनाओं से कोई भी राशि अन्य योजनाओं में पुनर्विनियोजित नहीं की जा सकेगी।

### इस राशि को हाथ नहीं लगाना है

यह भी कहा गया है कि कार्यालय व्यय के स्वीकृत बजट में किए गए प्रावधान बढ़ाने के लिए किसी भी परिस्थिति में पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा। ऐसे व्यय जो राजस्व संग्रहण से संबंधित हैं, उनमें बचत होने पर किसी अन्य व्यय को जो राजस्व प्राप्ति से संबंधित नहीं है पुनर्विनियोजन नहीं हो सकता है। ऐसी कतिपय नई सेवाओं पर जो बजट में विचारित न हों, होने वाले व्यय का पूरा करने के लिए कोई पुनर्विनियोजन नहीं किया जाएगा।

### कहां कर सकते हैं और कैसे ये भी बताया

वित्त विभाग ने अपने इसी निर्देश में ये भी बताया है कि वे मद जिनमें वित्त विभाग की पूर्व अनुमति से ही पुनर्विनियोजन किया जा सकता है। वे मद जिनमें शर्त या सीमा से अधिक पुनर्विनियोजन किया जा सकता है। पुनर्विनियोजन के लिए कैसे प्रस्ताव बनाया जाना है ये भी साफ किया गया है।

### राशि समर्पण कैसे किया जा सकता है

वित्त ने बजट की राशि में बचत राशि के समर्पण के संबंध में नियमों से सभी शासकीय कार्यालयों को अवगत कराया है। इसमें कहा गया है कि समर्पण के प्रस्ताव हर साल 31 मार्च तक स्वीकृत कर ऐसे प्रेषित किया जाए कि वह 30 अप्रैल के पहले महालेखाकार कार्यालय में रिपोर्ट अनुभाग को प्राप्त हो जाए। समर्पण की स्वीकृतियों में आधिक्य या बचत के कारण का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। विभाग द्वारा समर्पण के कवरिंग लैटर में समर्पण की राशि तथा मांग संख्या का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

## मंडल के अधिकारियों की ली बैठक

# हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों में होगा सोलर एनर्जी का उपयोग, अध्यक्ष ने कार्ययोजना तैयार करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की कालोनियों में जल्द ही सोलर एनर्जी का भी उपयोग किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कालोनियों में सोलर एनर्जी का किस प्रकार का उपयोग किया जा सकता है, इस संबंध में मंडल के अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव की अध्यक्षता में मंडल मुख्यालय में समीक्षा बैठक हुई। दो दिवसीय बैठक का गुरुवार को अंतिम दिन था। इसमें आयुक्त अवनीश कुमार शरण (आईएएस) सहित रायपुर मुख्यालय के अलावा रायपुर, नवा रायपुर, जगदलपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अंबिकापुर से संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कई अधिकारियों ने अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत समस्त योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया।

### समय-सीमा में परियोजनाएं पूर्ण करने दिए निर्देश

अनुराग सिंह ने बैठक में मंडल अंतर्गत संचालित निर्माण परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी योजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक परियोजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करें और नियमित निरीक्षण, मापन एवं परीक्षण की व्यवस्था करें।

### आकर्षक आवास उपलब्ध कराएं

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि एक सुंदर घर लेने की सामान्य हितग्राही की भावना होती है। उन्होंने कहा कि इसके अनुरूप ही भवनों का एलिवेशन, कलर डिजाईन अच्छा व आकर्षक बनाए। उन्होंने कहा कि खिड़की दरवाजे के कोर अक्सर टूट जाते है,इसलिए भवनों की खिड़की व दरवाजों के चौखट ग्रेनाईट या कोटा स्टोन फ्रेम के लगाए जाए। दिव्यांगजनों के लिए निर्मित सभी रैम्प में स्टील का रैलिंग लगाया जाए, जिससे उनको सुविधा मिल सके। इन सभी प्रावधानों का सभी योजनाओं की एनआईटी में प्रावधान किया जाए। उन्होंने कॉलोनियों में बाक्स क्रिकेट का प्रावधान रखने के भी निर्देश दिए।

# औषधि वाटिका एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चैंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

औषधि वाटिका एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष सतीश थौरानी से मुलाकात की। साथ ही इस मौके पर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त चैंबर अध्यक्ष को नए दायित्व के लिए बधाई दी। साथ ही अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप सभी के विश्वास और समर्थन के कारण ही चैंबर को मजबूती मिलती है। उन्होंने औषधि वाटिका एसोसियेशन के प्रतिनिधिमंडल का आश्वस्त किया कि चैंबर पूरी ताकत के साथ न केवल सभी समस्याओं के जल्द समाधान का प्रयास करेगा, बल्कि सभी को साथ लेकर आगे बढ़ते हुए व्यापारी हित में कार्य करता रहेगा। चैंबर भवन में हुई चर्चा में अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ औषधि वाटिका एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र हरचंदानी राजेश गुरनानी, राकेश ओचवानी, पंकज जैन, टिंकू लालवानी, अमित छाबड़ा, धर्मपाल ग्वालानी, गुलाब साहू महेश नत्थानी और राम मूलवाणी शामिल हुए।



दूरबीन द्वारा जांच एवं ऑपरेशन | ऑडियोमेट्री एवं बेरा टेस्ट की सुविधा | किडनी डायलिसिस उपलब्ध | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन

उपलब्ध उपचार
- कान के संक्रमण, पर्दे मे छेद की समस्या
- कान की जन्मजात बीमारियों का इलाज
- मुँह व गले के कैंसर का निदान व इलाज़
- नाक की एलर्जी, श्वास मे समस्या
- चक्कर आना
- टॉन्सिल व एडेनॉइड का इलाज़
- खर्राटों का इलाज़
- नाक की हड्डी के टेढ़ेपन का इलाज़
- नाक से खून आना, नाक मे मस्से (polyp) का इलाज़
- आवाज, श्वासनली संबंधित बीमारियों का इलाज
- थाइरोइड की समस्या का इलाज़
- नाक, कान व गले के पुराने बिगड़े हुए ऑपरेशन का इलाज़
- सुनने की जांच व मशीन (Hearing-aid) की सुविधा



डॉ. महेंद्र धवने
MS (ENT)
नाक कान गला विशेषज्ञ



प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क इलाज उपलब्ध
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

## खबर संक्षेप

### 29 समूह की दीदियों को हरियर राजधानी बनाने की मिली जिम्मेदारी



**रायपुर।** शहर के 29 महिला स्वसहायता समूहों की स्वच्छता दीदियों को राजधानी को हरा-भरा बनाने की जिम्मेदारी मिली है। ये महिलाएं अलग-अलग लोकेशन पर पानी की उपलब्धता और फैंसिंग की व्यवस्था देखेंगी। महापौर मीनल चौबे ने पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू की उपस्थिति में स्वच्छता दीदियों को गार्डन किट प्रदान किये। 3-3 महिलाएं प्रत्येक लोकेशन पर पौधारोपण के लिए सफाई, पानी की उपलब्धता और पौधों की सुरक्षा के लिए फैंसिंग की व्यवस्था साइट पर देखेंगी। केन्द्र की अमृत मिशन योजना के अंतर्गत शहरी आजीविका मिशन में 29 महिला स्व सहायता समूहों की स्वच्छता दीदियां अब शहर को सुंदर बनाने में सहभागी बनेंगी। गुरुवार को महात्मा गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे ने इन महिलाओं को रायपुर शहर को हरियाली से युक्त करने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। इस मौके पर एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, एनयूएलएम की प्रभारी अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, सिटी मिशन प्रबंधन इकाई की मिशन मैनेजर सुषमा मिश्रा, सरिता सिन्हा, कोमल भल्ला, सहित स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### गड़रिया धनगर समाज का प्रदेश स्तरीय चुनाव 25 को

**रायपुर।** खैरागढ़ जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजार अतरिया में 25 मई को गड़रिया धनगर का प्रदेश स्तरीय चुनाव किया जाएगा। साथ ही खैरागढ़ में मुख्य संगठन, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ का चुनाव होगा। चुनाव के बाद विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा होगी, जिसमें युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श सामूहिक विवाह और 10-12वीं में पास हुए छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह शामिल है। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष चंद्रपाल धनगर, मनोज धनगर, छोटेलाल धनगर, कपूरचंद धनगर, अजय हंसा आदि उपस्थित रहेंगे।

# नक्सल मुक्त होने की राह में प्रदेश, कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व का परिणाम : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नारायणपुर में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए। इस पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश जल्द ही नक्सल मुक्त होने वाला है। सुरक्षाबलों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में उन्हें लगातार सफलता मिल रही है।



विधायक सिन्हा ने आगे कहा कि राज्य के नारायणपुर जिले के सघन जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में माओवादी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराज सहित 27 नक्सली मारे गए। बसवराज पर एक करोड़ रुपये का इनाम था और वह नक्सल आंदोलन का शीर्ष नेतृत्वकर्ता था। लगातार मुठभेड़ के कारण नक्सली कमजोर पड़ गए हैं। राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है और मार्च-2026 तक बस्तर को नक्सल मुक्त करने के लिए हमारे सुरक्षा बल पूरी लगन से काम कर रहे हैं। सुरक्षा बलों ने इससे पहले छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सलियों की कमर तोड़ने के लिए ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट चलाया था। 21 अप्रैल से 11 मई के बीच केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और राज्य पुलिस के संयुक्त बलों द्वारा चलाए गए 21 दिनों के अभियान में 1.72 करोड़ रुपये के इनामी 31 नक्सलियों को ढेर किया गया था।

### मार्च 2026 तक प्रदेश को नक्सल मुक्त करना लक्ष्य

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया है कि 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलियों से मुक्त हो जाएगा। इस घोषणा के बाद छत्तीसगढ़ सहित देश के कई हिस्सों में नक्सल विरोधी अभियान जारी है। इसके साथ ही हमारा राज्य भी नक्सल मुक्त हो जाएगा।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्य

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना के तहत विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैंप खोले जा रहे हैं। इस प्रयास से सरकार की योजनाओं का लाभ सुदूर क्षेत्रों के एक-एक व्यक्ति तक पहुंच रहा है। अब नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोग भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं।

# स्कूलों पर ताले, शराब पर तालियां जय हो भाजपा की जनविरोधी नीति की : द्वारिकाधीश

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नई आबकारी नीति और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लाया गया तथाकथित युक्तियुक्तकरण आदेश अब चौतरफा आलोचना के घेरे में है। इन दोनों निर्णयों ने राज्य की सामाजिक, शैक्षणिक और नैतिक संरचना को गंभीर रूप से झकझोर दिया है। पूर्व संसदीय सचिव स्कूल शिक्षा विभाग और वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इन नीतियों को सरकार की दोहरी मानसिकता और जनविरोधी सोच का स्पष्ट प्रमाण बताया है।



खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से राज्य में 67 नई शराब दुकानों को खोलने का निर्णय लेकर यह साबित कर दिया है कि उसे समाज की नैतिकता, युवाओं के भविष्य और ग्रामीण परिवारों की दुर्दशा से कोई सरोकार नहीं है। अब राज्य में कुल 741 शराब दुकानें संचालित होंगी। इसके अतिरिक्त मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में प्रीमियम शराब शॉप्स की अनुमति देकर सरकार नशे को शौक और विलासिता के रूप में परोसने की तैयारी में है। सरकार का दावा है कि इससे 1000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित होगा। लेकिन, विधायक यादव ने स्पष्ट कहा कि यह रकम समाज के भविष्य, युवाओं की मानसिकता और गरीब परिवारों के पारिवारिक ढांचे की कीमत पर इकट्ठा की जा रही है। उन्होंने सरकार के उस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया है कि सीमावर्ती इलाकों में दुकानें खोलने से अवैध शराब पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अवैध शराब के नाम पर वैध नशे को बढ़ावा दे रही है। यह नीति एक सुनियोजित सामाजिक अपराध है, जो नशामुक्ति अभियान की आत्मा की हत्या है। राज्य सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर लगभग 4000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की तैयारी में है। जिससे 35 हजार से अधिक शिक्षक स्थानांतरण के शिकार होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 54000 से अधिक शिक्षक पद रिक्त हैं। शिक्षकों पर सर्वेक्षण, डाटा फीडिंग, प्रशासनिक कार्यों का भारी बोझ है। अब जब सरकार स्कूल बंद कर रही है और नई भर्तियां भी नहीं कर रही तो यह शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त करने जैसा है। इससे आने वाले वर्षों में सामाजिक और शैक्षणिक विकास पूरी तरह बाधित होगा।

## बैठक : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दिए आवश्यक तैयारी के निर्देश

# जिले में 29 मई से 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- किसान रथ से किसानों को किया जाएगा जागरूक, तीन टीम बनाकर 78 स्थानों पर लगेगा शिविर

शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान जिले में 29 मई से शुरू होगा, जो 12 जून तक चलेगा। इस दौरान कृषि विभाग एवं वैज्ञानिक गांव-गांव पहुंचकर खेती के उन्नत तरीकों की जानकारी भी किसानों को देंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को इस अभियान के संबंध में कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की आवश्यक बैठक ली।





कलेक्टर ने बैठक में बताया कि अभियान के तहत किसानों को खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों, विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं जानकारी दी जाएगी। साथ ही अभियान के तहत किसानों से फीडबैक लेकर उनके द्वारा किए गए नवाचार के संबंध में वैज्ञानिक नवीन जानकारी प्राप्त करेंगे एवं अनुसंधान में आवश्यक दिशा निर्धारित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि विभाग गंभीरता से लेते हुए किसानों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें एवं सभी ग्राम पंचायतों में मुनादी करवाएं। कलेक्टर ने कहा कि अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना सुनिश्चित करें।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में तीन टीम गठित की गई है, जो प्रत्येक दिन 7-8 पंचायतों के बीच क्लस्टर बनाकर शिविर लगाएगी, जो प्रतिदिन 7-8 ग्राम पंचायतों में जाकर लगभग डेढ़ हजार से अधिक किसानों के साथ वैज्ञानिक दल का सीधा संवाद किया जायेगा। टीम में आईसीएआर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि पशुपालन उद्यानिकी मतस्य के अधिकारी, जन प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी एफपीओ, एफआईजी के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कश्यप ने बताया कि वैज्ञानिक दल द्वारा किसानों के साथ संवाद में उक्त तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, किसानों को मृदा स्वस्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों में संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित, कृषि-ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन, केवीके, आईसीएआर संस्थान और इफको, कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग पर प्रदर्शन किसानों के बीच जागरूक पैदा करने के लिए आईसीटी का उपयोग, धान की सीधी बुवाई (डीएसआर), सोयाबीन की फसल में मशीनीकरण जैसी अन्य उन्नत फसल तकनीकों का प्रसार, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज उर्वरक दिलाए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। अभियान के सुचारू क्रियान्वयन के लिए उपसंचालक कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापित किया गया है।

# पुलिस ने बेलसोंडा में चलाया नशामुक्ति अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेलसोंडा के स्टेशन पारा में महासमुंद पुलिस ने नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान चलाया। यहां उपस्थित लगभग 100 से 150 महिला, पुरूषों सहित बच्चों को नशा से होने वाले आर्थिक, सामाजिक एवं शारिरिक नुकसान के बारे में जानकारी दी। वहीं नशे से दूर रहने प्रेरित भी किया।

डीएसपी प्रतिभा चन्द्रा ने बच्चों को नशा से दूर रहने एवं पढ़ने लिखने, अच्छा इंसान बनने, जीवन को सही दिशा देने एवं बड़े होकर किसी अच्छे रोजगार को प्राप्त करने की समझाइश दी गयी। उन्होंने नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 एवं मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर मादक पदार्थ संबंधी सूचना देकर शिकायत दर्ज करने के संबंध में बताया। सउनि साईमा अंबेलकर द्वारा नशे के दुष्प्रभाव और समाज पर पड़ने वाले असर के बारे में बताया गया। मप्रआर तरुणा मदनकार द्वारा नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। यातायात की टीम द्वारा यातायात नियमों के विषय में बताकर पॉम्पलेट वितरण किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने तथा आपतकालीन स्थिति में 112 डायल कर त्वरित सहायता, साइबर अपराध संबंधी शिकायत के लिए जारी टोल फ्री नंबर 1930 के बार में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, बेलसोंडा सरपंच प्रीतबाई धीवर, उपसरपंच कुणाल चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य वाणी तिवारी, पंचगण कुंती धीवर, सरिता देवांगन, वीणा धीवर, नर्मदा धीवर, भारती ध्रुव समेत ग्रामीण मौजूद रहे।



## केदार बने सहकारी बैंक अध्यक्ष भाजपाइयों ने जताई खुशी

**ममहासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्त केदारनाथ गुप्ता के छग राज्य सहकारी बैंक अध्यक्ष मनोनीत होने पर भाजपा झलप मंडल महामंत्री राकेश साहू के नेतृत्व में झलप बस स्टेंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशतबाजी कर हर्ष जताया। इस दौरान जिला मंत्री किसान मोर्चा निर्भय नायक, झलप मंडल मंत्री पोतदार सोनवानी, भाजपा नेता बली चौधरी, ताराचंद पटेल, उमेश डडसेना, रैन सिंग ध्रुव,जगत साहू, मिथुन, सतीश यादव, पूनम वस्त्राकार, श्याम गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## सुशासन तिहार में दिव्यांग विद्यार्थियों को आवश्यक उपकरणों का वितरण

**बागबाहरा।** ग्राम पंचायत बोडरीदादर के हाईस्कूल भवन में तीसरे चरण के छठवां समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग छात्र-छात्राओं स्किल डेवलपमेंट किट, ट्राइपॉड वॉकर, व्हीलचेयर, एडीएल किट, पजल, ब्रेल किट, एमआर किट, हियरिंग एड, स्मार्ट केन, एलईडी मैग्नीफायर, बुक मैग्नीफायर आदि आवश्यक उपकरण का वितरण शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बागबाहरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, विकासखंड श्रोत समन्वयक भुपेश्वरी साहू एवं आसपास के सभी संकुल के समन्वयक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# पंडरी के पुराने बस स्टैंड की 17 एकड़ बेशकीमती जमीन खाली, रिकार्ड दुरुस्त नहीं करा पाया निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी बस स्टैंड की बेशकीमती जमीन का नगर निगम ने रिकार्ड दुरुस्त नहीं कराया है। यह जमीन राजस्व रिकार्ड में सरकारी जमीन के रूप में दर्ज है। 20 एकड़ क्षेत्र में फैली बेशकीमती जमीन सर्वे में 17 एकड़ निकली।

इसमें भी 3 एकड़ जमीन लीज पर है। ऐसे में नगर निगम का राजस्व विभाग पूरी जमीन का सीमांकन कराएगा। नगर निगम के नाम जमीन होने के बाद ही शासन स्तर पर यह तय होगा कि इस जमीन पर किस तरह का प्रोजेक्ट लाया जाए।



दरअसल, चार दशक राजधानी रायपुर के बस स्टैंड के के रूप में सुर्खियों में रहने वाले पंडरी के पुराने बस स्टैंड की जमीन का नगर निगम ने 3 साल पूर्व जोन स्तर पर सर्वे कराया। जोन 2 की टीम द्वारा किए गए सर्वे में पंडरी बस स्टैंड की जमीन 17 एकड़ निकली, इसमें पुराना आरटीओ दफ्तर वाली जगह के साथ डिपो नंबर 1 और डिपो नंबर 2 की जगह शामिल है। सुलभ शौचालय से रैनबसेरा वाली जगह के साथ पुराने बस स्टैंड का खाली पड़ा आरक्षण काउंटर भी बस स्टैंड वाली जगह में शामिल है।

### लीज की अवधि खत्म दूसरा पक्ष कोर्ट से हारा

सूत्रों के मुताबिक पंडरी के पुराने बस स्टैंड में नगर निगम द्वारा ट्रैवल्स एजेंसी व अन्य उद्योग समूहों को लीज पर जमीन दी गयी थी। जमीन की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। निगम द्वारा जमीन खाली कराने से पहले दोनों पक्ष कोर्ट में चले गए। इसमें एक मामले में निगम के पक्ष में फैसला आने के बाद उस जमीन को खाली करा लिया गया है। वहीं एक अन्य मामले में कोर्ट ने निगम के पक्ष में फैसला दिया। ऐसे में कोर्ट से हारने के बाद संबंधित पक्ष पर जमीन खाली करने दबाव बनाया जा सकता है। जोन के अधिकारियों का कहना है, 3 एकड़ जमीन इससे मिल सकती है। इस तरह 20 एकड़ जमीन पर एक बड़े प्रोजेक्ट का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

## बेमेतरा व कबीरधाम जिले के कृषक संगोष्ठी में सम्मिलित हुए राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर

# उच्च गुणवत्ता के बीज उत्पादन कर उन्नत कृषक बनें किसानः चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 22 मई गुरुवार को बेमेतरा एवं जिला कबीरधाम के प्रवास पर रहे। चंद्राकर दोनों जिलों में अलग अलग स्थानों पर आयोजित कृषक संगोष्ठी तथा निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए।

सर्वप्रथम चंद्राकर कल दोपहर 12 बजे बेमेतरा जिले के ग्राम पथर्रा स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल हुए। जिसमें बड़ी संख्या में बीज उत्पादक कृषक उपस्थित थे। कृषकों ने चंद्राकर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान चंद्राकर ने किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने किसानों को उन्नत किस्म के उच्च गुणवत्ता वाली बीज उत्पादन करने प्रेरित किया। पश्चात दोपहर 3 बजे ग्राम पथर्रा के चंद्रयान हेल्थ केयर अस्पताल का अवलोकन कर चिकित्सकों को आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। वहां से शाम 4 बजे चंद्राकर जिला कबीरधाम के



ग्राम घोटिया स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल हुए। साथ ही कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी की भी उपस्थिति रही। इस दौरान बड़ी संख्या में बीज उत्पादक कृषकों ने भाग लिया तथा बीज गुणवत्ता, भंडारण, समय पर भुगतान एवं ब्रीडर बीज की उपलब्धता एवं प्रक्रिया केन्द्र में गोदामों की मरमत व नए गोदाम की मांग, जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कृषकों ने अपने सामूहिक पत्र के माध्यम से चंद्राकर को इन समस्याओं के समाधान हेतु निवेदन किया। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि एके मोहंती, बीज प्रबंधक आरके श्रीवास, बीज निरीक्षक वायके खुटे एवं जिला विपणन संघ से केके वर्मा सहित समस्त स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही। सभी अधिकारियों ने कृषकों को विभागीय योजनाए, बीज प्रमाणन प्रक्रिया एवं आगामी खरीफ सीजन की तैयारी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

घोटिया के कृषक संगोष्ठी में पहुंचे किसानों की समस्त मांगों व उनकी समस्याओं को सुनकर चंद्राकर ने शीघ्र समाधान के आश्वासन दिए। उन्होंने शासन द्वारा कृषकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा कृषकों के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहने की बात कही। चंद्राकर ने कहा कि राज्य के भाजपा सरकार किसानों की उन्नति व प्रगति के लिए कृत संकल्पित है। किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला महासमुंद**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ 2364/तह./वाचक/ 2025
बागबाहरा. दिनांक 14/5/2025
रा.मा.क्र..व/121.वर्ष 2024-25
ग्राम..पहनं..तहसील बागबाहरा..

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम अरण्ड पहनं 01 र.नि.मं खल्लारी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जा है आवेदक भरतलाल पिता भूषण लाल जाति कुर्मी निवास अरण्ड तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद दवारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे दादी जुगुबाई जाति कुर्मी की मृत्यु दिनांक 24/8/2004 को हो गई है। मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायलय में विचाराधिन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 28/5/2025 को न्यायालयीन अवधी में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 14/5/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**बागबाहरा**

## खबर संक्षेप



### कस्तूरबा विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया में जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक जिला मिशन समन्वयक विद्या साहू के निर्देशानुसार विद्यालय अधीक्षक रक्षा साहू के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। 123 छात्राओं को ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, केक ,कराते, सिलाई प्रशिक्षण, जुंबा, योगा, डांस क्लास, कंप्यूटर क्लास, कुकिंग क्लासेस, कबाड़ से जुगाड़ खेल प्रशिक्षण, रंगोली प्रशिक्षण, सुलेख प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भूपेश्वरी साहू बागबाहरा सीएससी, भूपेंद्र निराला अन्य प्रशिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशिष्ट योगदान रहा।

### माल लोड करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक इस्पात कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने वहीं के दो लोगों के खिलाफ ट्रक में माल लोड करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जागेश्वर साहू ने दीपक एवं आकाश ठाकुर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जागेश्वर ने पुलिस को बताया कि हमाल नहीं आने की वजह से वह अपने साथियों के साथ ट्रक में माल लोड किया था। दूसरे दिन दीपक तथा आकाश जागेश्वर से माल लोड करने के विवाद पर मारपीट की।

**पहल : सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने केंदुआ में लगाया जन चौपाल**

# आमजनों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने ग्राम केंदुआ में विधायक जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुई और उनके मौके पर ही निराकरण हेतु निर्देशित किया।

इस मौके पर क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों ने विधायक चातुरी नंद से बिजली, पानी सहित कई समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीणों ने विधायक चातुरी नंद से गुहार लगाई। ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक चातुरी नंद ने पेयजल, बिजली सहित अन्य समस्याओं के लिए निराकरण हेतु मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक जन चौपाल में ग्राम डंगनिया की बबीता सोना ने पीएम आवास की किश्त के लिए आवेदन दिया जिस पर विधायक नंद ने जल्द भुगतान हेतु जिला पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया। इसी तरह ग्राम बिजातीपाली के विजय शंकर पटेल ने गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी सप्लाई शुरू करने की मांग की जिस पर विधायक चातुरी नंद ने पीएचई के अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर पानी सप्लाई करने के लिए निर्देशित किया।



इसी तरह ग्राम पंचायत केंदुआ के सरपंच ने गांव में हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृति की मांग की जिस पर विधायक ने बजट में शामिल कर स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। विधायक जन चौपाल में बीजातीपाली की कामता बाई, मौहाडीपा के कमलेश सिदार सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं को विधायक चातुरी नंद को अवगत कराया। विधायक जन चौपाल में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता तेजराम पटेल, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, नीलांबर सोनी, भगतराम बरिहा, सरपंच आनंद बेहरा, हेतकुमारी नरेश पटेल, फगुलाल चौहान, मालती जुजेष्टी सिदार, अमृत पटेल, घनश्याम पटेल, अनिल पटेल, विनोद पटेल, निलेश्वर पटेल, नरान्जन राण नागेश्वर पटेल, शरद यादव, ईश्वर पटेल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बाजार वार्ड में चलाया गया स्वच्छता अभियान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा कार्यकर्तओं ने शुक्रवार को रानी अहिल्याबाई होलकर 300 जन्म शताब्दी अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया। बाजारवार्ड शिव मंदिर के आसपास जारी इस अभियान में प्रमुख रूप से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, राजू चंद्राकर, मीना वर्मा, अग्रज शर्मा भगवती करकसे, नईम खान, माखन पटेल, मनीष शर्मा, ईश्वरी संजय भोई, भारत खत्री, बसंत, विष्णु चंद्राकर, शरद राव, पांडुराम मदनकार, अमित साहू, समीर करकसे, हेमंत महाराज, विजय साहू, तुलसी साहू, गोपी पाटकर, लोकू साहू, संजय गुप्ता, महेद्र सिक्का, मेवा लाल साहू समेत भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता और जनप्रतिधिगण उपस्थित रहे।

# पटपरपाली की बेटी तन्नू ने 12वीं बोर्ड में हासिल किया जिले में तीसरा स्थान

**तेंदूकोना।** ग्राम पटपरपाली निवासी थनवार साहू एवं ओम बाई की सुपुत्री तन्नू साहू ने 12वीं कला संकाय में 93.4 प्रतिशत हासिल कर ग्राम पंचायत पटपरपाली सहित पूरे जिले में तीसरा स्थान पाकर जिले व बागबाहरा विकासखण्ड को भी गौरवान्वित किया है। ग्राम पंचायत पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टाण्डेय एवं पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टाण्डेय ने



तन्नू साहू से भेंटकर उनकी मेहनत एव लगन के लिए उन्हें पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। सरपंच ने कहा कि पटपरपाली की तन्नू साहू ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर मेहनत से 12वीं बोर्ड परीक्षा में 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर महासमुंद जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिससे महासमुंद जिले का गौरव बढ़ा। तन्नू ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों और स्कूल के शिक्षकों को दिया।

# सेजेस तुमगांव में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री सेजेस तुमगांव में 14 मई से 23 मई तक आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्रों ने विभिन्न रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना था, जिसमें कला, शिल्प, खेल, योग, और पर्यावरण जागरूकता जैसी गतिविधियां शामिल थीं। शिविर के दौरान छात्रों ने पेंटिंग, मिट्टी शिल्प, नृत्य, और संगीत की कक्षाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कार्यशालाओं में पौधरोपण और जल संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा महासमुंद, रेखराज शर्मा ने भी स्कूल का दौरा किया। उन्होंने शिविर की गतिविधियों का अवलोकन किया और शिक्षकों व छात्रों के प्रयासों की सराहना की। शर्मा ने कहा, ऐसे शिविर बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने और जीवन कौशल सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।

यह समग्र शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर के समापन समारोह में छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं, जिसमें नृत्य, नाटक, और कला प्रदर्शन शामिल थे। स्कूल के प्राचार्य लंकेश कुरील ने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। यह शिविर न केवल बच्चों के लिए मनोरंजक रहा, बल्कि उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हुआ। इस शिविर में मुख्य रूप से आईएलसाहू, केआर साहू, तिलक शर्मा, पवन डडसेना, कामता प्रसाद साहू, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, ज्योति सिंह, सुरेश यादव, नवीन दास, सत्यम पांडेय, लक्ष्मी नारायण साहू, रेणुका साहू, मोनिका यादव, लिली मजखंड, प्रगति साहू, नलिनी ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नगर के मंदिर चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरुआत साफ-सफाई कार्य से हुई, जिसके उपरांत वरिष्ठ जनों ने महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर जनकल्याण की कामना की।

स्वच्छता अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। भाजपा नेताओं ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर नारी सशक्तिकरण, जनसेवा और न्यायप्रिय शासन की प्रतीक थीं। उनकी जयंती पर स्वच्छता जैसे सेवा कार्य करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि स्वच्छ और समृद्ध भारत के निर्माण में नई पीढ़ी की भूमिका बेहद अहम है।



इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शंकर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष देव सिंह निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, शशि डड़सेना, रैदास गोयल, सीताराम सिंहा, सेतराम पटेल, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, आलोक त्रिपाठी, महामंत्री जतिन ठक्कर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, पुष्पकांत पटेल, कौशल मानिकपुरी, संदीप सेन, संतोष डड़सेना, रामकुंवर सिंहा, विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल, बबलू सोनी, मंडल उपाध्यक्ष पंचराम मटियारा, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री सौरभ अग्रवाल, दुर्गेश सिंहा, राजा खनूजा, देवा डड़सेना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शनिवार को भी दफ्तर खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार में पूर्ववर्ती शासनकाल में लागू की गई फाइव डे वीक (पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह) प्रणाली को रद्द करने की मांग भाजपा के सक्रिय सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से की। तुषार साहू ने अपने ज्ञापन में कहां छत्तीसगढ़ में लागू फाइव डे वीक व्यवस्था अब सरकारी कामकाज पर भारी पड़ रही है। सप्ताह में सिर्फ पांच दिन ऑफिस खुलने और राष्ट्रीय व प्रादेशिक



छुट्टियों की भरमार से सरकारी दफ्तरों में कामकाज ठप हो रहे है। हालत ये है कि अफसर तो दूर, कर्मचारी और बाबू भी समय पर दफ्तर नहीं पहुंचते। आम जनता दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते हैं और फाइलें जस की तस पड़ी रहती हैं।

### पिथौरा के 9 छात्रों ने सैनिक स्कूल चयन परीक्षा में मारी बाजी

**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर के 9 बच्चों ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सिंग ट्यूटोरियल के होनहार विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल चयन परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता न केवल संस्थान की शिक्षण गुणवत्ता का प्रमाण है, बल्कि यह पूरे पिथौरा के लिए एक गौरव का क्षण है। इस उपलब्धि के पीछे सतपाल सिंग गिल हैं, जो पिछले तीन वर्षों से सिंग ट्यूटोरियल के माध्यम से विद्यार्थियों को सैनिक स्कूल समेत अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। उनकी अथक मेहनत और अनुभव का ही परिणाम है कि अब तक 80 से अधिक छात्र विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित हो चुके हैं। वहीं इस वर्ष सैनिक स्कूल कक्षा 9वीं के लिए छात्र अनिरुद्ध अग्रवाल, अर्नव नामदेव, अनंत सिंह सलूजा, सिद्धांत पटेल कक्षा 6वीं में अवनी सिंघल, दर्शित सिंह, अवनी अग्रवाल, समृद्धि ठाकुर, राजीव साहू का चयन हुआ है। सतपाल सिंग गिल ने कहा कि यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के भरोसे और हमारी टीम के समर्पित प्रयासों का फल है। हमारा उद्देश्य क्षेत्र के छात्रों को वह मंच देना है, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इस सफलता पर पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।

### परसुली से बनियातोरा पहुंच मार्ग निर्माण के लिए सर्वे प्रारंभ



**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड अंतिम छोर ओडिशा सीमा व जोंक नदी से लगा हुआ ग्राम बनियातोरा के ग्रामीण आज भी पक्की सड़क के लिए तरस रहे है। यह मार्ग परसुली से बनियातोरा कच्ची सड़क जोड़ती है। इस मार्ग के लिए सर्वे टीम पहुंच कर नापजोक कर रहे थे, तभी इस गांव में निवासरत जनपद सदस्य लोचन पटेल मौके पर पहुंचकर सर्वेयर टीम से जानकारी ली, जिस पर उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए पुल पुलिया अनिवार्य रूप से बनाने के लिए अपनी बात रखी गई। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, ग्राम पंचायत परकोम रूपेंद्र सेन मौजूद रहे।

### मौसम बदलने से किसानों की बढ़ी चिंता

**नर्रा।** क्षेत्र में तेज धूप व चिपचिपी गर्मी से लोग व्याकुल रहे। बुधवार रात में गरज चमक के साथ अच्छी बारिश हुई। लेकिन, हवा व बारिश के कारण कुछ घंटों के लिए बत्ती गुल रही, जिससे लोग गर्मी से बेहाल रहे। दूसरे दिन आसमान पर बादल छाए रहे। रात में हल्की बारिश हुई। तीसरे दिन भी मौसम ने करवट ली। कहीं पर अच्छी बारिश तो कही बौछारें पड़ी। अभी रबी फसल की कटाई जोरों से चल रहा है। लेकिन, बारिश के कारण धान कटाई प्रभावित रहा। बारिश से फसल को नुकसान होने का डर किसानों सता रहा है। पंचायत सचिव घनश्याम दीवान से मिली जानकारी के अनुसार नर्रा सहकारी समिति में स्थापित वर्षा माप यंत्र में 22. 9 मिलीलीटर वर्षा दर्ज की गई है।

महासमुंद जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| सरायपाली | 3 पद | वेतन |
| पिथौरा | 2 पद | 10000/- |
| झलप | 4 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, झलप क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें 9098324969

महासमुंद - 9981131365
9425204260
सरायपाली - 7354219999
सरायपाली ग्रामीण - 7694085811
पिथौरा - 9977017786
पिथौरा ग्रामीण - 9111194424
झलप - 9977000794

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड,
टिकरापारा, रायपुर
(छत्तीसगढ़)

# भाजपाइयों ने शिव मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल भंवरपुर के भाजपा नेता एवं जनप्रतिनिधियों ने शिव मंदिर भंवरपुर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया।

बता दें कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आव्हान एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार भाजपा मंडल भंवरपुर के ग्राम भंवरपुर में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शिव मंदिर प्रांगण भंवरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत सफाई किया। सफाई अभियान में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य देवकी पुरुषोत्तम दीवान, मण्डल उपाध्यक्ष भोज प्रधान, कोषाध्यक्ष सोमनाथ पटेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शिव चौधरी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, कार्यकर्ता मोहन पटेल, कमलेश पटेल, पीताम्बर चौधरी, जीतू वैष्णव, देवेश सिदार, शिवम चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून,14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि शिंगणापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411